
# पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले

- लखनऊ और हरदोई में एक हजार एकड़ में बनाया जा रहा है पीएम मित्र पार्क
- हैंडलूम एंड टेक्सटाइल डिपार्टमेंट ने अब तक 95 यूनिट्स के साथ किया एमओयू

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: योगी सरकार राज्य को देश टेक्सटाइल हब बनाने की कोशिश में जुटी है। इसके लिए एक हजार एकड़ भूमि पर पीएम मित्र पार्क परियोजना विकसित की जा रही है, इसमें 730 एकड़ भूमि लखनऊ और 270 एकड़ भूमि हरदोई में शामिल हैं। पार्क के निर्माण के बाद 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग की ओर से अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी हस्ताक्षरित किए जा चुके हैं। इनमें देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम करेंगी।



पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एक एसपीवी का गठन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उप्र सरकार की और 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी। सरकार के अनुसार परियोजना में आदित्य बिरला ग्रुप ने 30 एकड़ भूमि में स्पिनिंग और वीविंग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। जीईएसएल स्पिनर्स 20 एकड़ में टेक्निकल टेक्सटाइल यार्न यूनिट लगाने का इच्छुक है। अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, एसएवीएम इंक डी 25 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, जियोसिस इंडिया 25 एकड़ में जियोग्रिड टेक्निकल टेक्सटाइल्स और टीटी लिमिटेड पांच एकड़ में गारमेंट यूनिट लगाने जा रही हैं। आरजीआइ मेडिटेक 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स और डायपर्स यूनिट, वीडी ग्रुप 10 एकड़ में पालीप्रोपिलीन फैब्रिक यूनिट, माराल ओवरसीज 5 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित करने की दिशा में बातचीत कर रहा है।